राजीव युवा मितान क्लब के शासी निकाय का गठन

चर्चा में क्यों?

14 फरवरी, 2022 को छत्तीसगढ़ राज्य शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आदेश जारी कर राजीव युवा मितान क्लब के शासी निकाय का गठन किया गया।

प्रमुख बिंदु

- शासी निकाय का अध्यक्ष मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को तथा उपाध्यक्ष खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल को बनाया गया है।
- पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टी.एस. सिंहदेव, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, लोकसभा सांसद दीपक बैज, राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, विधायक देवेंद्र यादव, विधायक विनय भगत, मुख्य सचिव अमिताभ जैन और अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू को सदस्य तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव को पदेन सदस्य सचिव बनाया गया है।
- उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में 15 से 40 वर्ष आयु के युवाओं के लिये राजीव युवा मितान क्लब योजना शुरू की गई है, जिसके तहत युवा मितान क्लब बनाए गए हैं।
- युवा मितान क्लब के माध्यम से पर्यावरण, खेल और संस्कृति के संरक्षण को बढ़ावा दिया जा रहा है। राज्य की सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में युवा मितान क्लब गठित किये जा रहे हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/governing-body-of-rajiv-yuva-mitan-club-constituted